तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

12 भारतीय संविधान से देश के सभी नागरिकों...

12 सुरक्षा के लिए फोन में दुर्गा शक्ति और डायल-112...


## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**जाटूसाना।** पुलिस ने विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला देवी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पड़ासरा निवासी बलवंत को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आग लगने से हजारों रुपये की फसल जली

**जाटूसाना।** जाटूसाना गांव में एक किसान के खेत में लगी आग से लगभग डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गांव निवासी राजेंद्र ने अपनी गेहूं की फसल काटकर एकत्रित की हुई थी। अज्ञात कारणों से फसल में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उसकी फसल जलकर राख को चुकी थी। पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद दर्ज किए गए मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने हादसे के बाद 17 जनवरी को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के सिंहपुर निवासी वाहन चालक उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। कोसली थाना पुलिस ने 7 अप्रैल को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में लाला निवासी जोगध्यान को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अत्यधिक शराब पीने से एक की मौत

**धारूहेड़ा।** आकेड़ा की नारायण विहार कॉलोनी में अधिक शराब पीने से यूपी के एक व्यक्ति की मौत हो गई। यूपी के हस्था वसंतपुर निवासी लगभग 55 वर्षीय राजू कुमार शराब पीने का आदि था। वह मकान निर्माण के लिए मिस्त्री का कार्य करता था। राजू परिवार के साथ नारायण विहार कॉलोनी में रह रहा था। ज्यादा शराब पीने के कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### कोर्ट से घोषित हुआ पीओ पुलिस के चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में अदालत में हाजिर नहीं होने पर बेरवाल निवासी कश्मीर सिंह को पीओ घोषित कर दिया गया था। कोर्ट ने पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### युवक ने मालगाड़ी से कटकर जान दी

**बावल।** रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। ढाणी जैतपुर निवासी 47 वर्षीय दिनेश बीते सोमवार को अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में रेलवे पर शव पड़ा होने की सूचना पर परिजन वहां पहुंच गए। परिजनों ने मृतक की पहचान दिनेश के रूप में कर दी। जीआरपी ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया।

# मंडियों में अब तक 30137 मीट्रिक टन गेहूं पहुंचा, एजेंसियों ने आधा खरीदा

**किसानों की फसल निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही, सुविधाओं का रखा जा रहा ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में फड़ पर लगी गेहूं व सरसों की ढेरियां।


रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में खुले में पड़ा लाखों क्विंटल गेहूं। फोटो :हरिभूमि

जिले की मंडियों में रबी सीजन के तहत सरसों व गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। जिले में अब तक 30137.7 मीट्रिक टन गेहूं की आवक और 16673.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसके अलावा 8063.65 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग भी हो चुकी है और बाकी फसल उठान का कार्य किया जा रहा है। डीसी ने खरीद एजेंसियों को किसानों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित खरीद एजेंसियों की ओर से स्टोरेज व्यवस्था का बेहतर ढंग से प्रबंध किया जाए। अनाजमंडियों में किसानों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्था की जाएं। डीसी ने किसानों से अनाज को तय मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आने की अपील की है।

### मंगलवार को 22 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा

कोसली अनाज मंडी में मंगलवार को 4312 क्विंटल गेंहू के 154 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 283719 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है तथा 5979 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में मंगलवार शाम तक 1744390 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। मंगलवार को 22139 क्विंटल गेंहू खरीदा गया। मंडी से 161713 कट्टों यानि 80856 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। उठान से ढ़ाई गुणा गेंहू अभी भी खुले में पड़ा हुआ है। मंडी में सरसों की आवक 9337 क्विंटल हुई है, जबकि रेवाड़ी अनाजमंडी में सवा दो लाख क्विंटल से अधिक सरसों की आवक हो चुकी है।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में टिकट के दावेदारों की हलचल तेज

# भाजपा : एक अनार, बीस बीमार
# कांग्रेस : टिकट नहीं, लड़ने वाले तैयार

**इस बार निष्ठावान चेहरे को टिकट थमाकर दिग्गजों को मात दे सकती है भाजपा**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही 'शहर की सरकार' में भागीदार बनने वालों की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। नगर परिषद चेयरमैन को लेकर भाजपा और कांग्रेस में अंदरखाने टिकट की जंग शुरू हो गई है।

कई संभावित प्रत्याशी 'जनता की टिकट' पर भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने की तैयारी में हैं। टिकट को सबसे बड़ा घमासान भाजपा में देखने को मिल सकता है। चेयरमैन पद के लिए पार्टी में चुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। चेयरमैन का पद एससी महिला के लिए आरक्षित होने के कारण पार्टी के अनुसूचित जाति से जुड़े पुरुष कार्यकर्ताओं और जूनियर नेताओं ने अपनी-अपनी बीवियों को टिकट दिलाने के लिए जोड़-तोड़ शुरू कर दी है, तो कुछ महिला नेत्री अपनी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत पार्टी से टिकट की उम्मीद लगाए बैठी हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष के पास टिकट के लिए अभी तक 20 आवेदकों के बायोडाटा पहुंच चुके हैं, जिनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। मंगलवार को पंचकूला में हुई भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग में प्रत्याशियों का चयन करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। कमेटी की सिफारिश के आधार पर 20 अप्रैल को टिकट फाइनल कर दी जाएंगी। कमेठी का गठन करने के बाद इस बार टिकट के मामले में किसी नेता विशेष की 'जिद' चलने की संभावना क्षीण नजर आने लगी है। पार्टी सिफारिश को तवज्जो देने की बजाय किसी निष्ठावान चेहरे को टिकट थमाकर दिग्गजों को मात दे सकती है। टिकट की घोषणा के साथ ही पार्टी में वर्चस्व की जंग भी देखने को मिल सकती है। शीर्ष नेतृत्व पर पकड़ से भरोसा पार्टी के कई जूनियर नेता ऐसे भी हैं, जिनके शीर्ष नेतृत्व में शामिल वरिष्ठ नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। इन्हीं संबंधों को भुनाते हुए पार्टी के यह नेता अपनी-अपनी पत्नियों के लिए टिकट का जुगाड़ बैठाने में लगे हुए हैं। इनमें से कई नेता ऐसे भी हैं, जो केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से दूरी बनाए हुए हैं। दूसरी ओर राव इंद्रजीत सिंह के साथ लंबे समय से जुड़ी नेत्रियों को अपने नेता पर ही टिकट दिलाने का पूरा भरोसा है।

### कांग्रेस में दावेदारों की संख्या कम

भाजपा के मुकाबले इस बार कांग्रेस में चेयरमैन की टिकट के दावेदारों की संख्या सीमित है। पिछले चुनावों में पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपने भतीजे की पत्नी विक्रम यादव को टिकट दिलाई थी, जो भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देने में विफल साबित हुई थी। कैप्टन से शहर के लोगों की नाराजगी का खामियाजा विक्रम को तीसरे नंबर के रूप में भुगतना पड़ा था। इस बार टिकट के मामले में कैप्टन को तवज्जो मिलने के आसार काफी कम हैं।

### चुनावी रण के महारथी


रेखा दहिया।


एड. कुसुमलता।


विनीता पिप्पल।

**भाजपा जिलाध्यक्ष के पास अभी तक 20 आवेदकों के बायोडाटा पहुंच चुके हैं, 20 को होगा टिकट फाइनल**

### समाजसेवा के रास्ते बड़ी उम्मीद


डा. मीनू डहीनवाल।

शिव कॉलोनी निवासी इनेलो नेता रजवंत डहीनवाल के पिता शिक्षाविद व प्रमुख समाजसेवी हैं। रजवंत पार्टी की टिकट की बजाय 'जनता की टिकट' पर अपनी पत्नी डा. मीनू डहीनवाल को चेयरमैन पद के लिए चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। निकाय चुनावों के इतिहास में निर्दलीय प्रत्याशी भी पार्टी प्रत्याशियों की तुलना में भारी साबित हो चुके हैं। पिछले चुनावों में निर्दलीय उपमा यादव ने भाजपा प्रत्याशी को सीधी चुनौती पेश की थी।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद बाइक। फोटो :हरिभूमि

# सीआईए ने काबू किया चोरी का आरोपी, 3 बाइक बरामद

- आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीआईए कोसली ने भोतवास भोंदू में घर में खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद की गई हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

जाटूसाना थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में भोतवास भोंदू निवासी रावत सिंह ने बताया था कि गत 11 मार्च को शाम के समय वह पत्नी के साथ खेत में गया था। वापस आने पर उसके घर के अंदर खड़ी बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। उसके घर के ताले पर भी चोट के निशान पाए गए, जिससे मकान में भी चोरी का प्रयास करने की बात सामने आई है। उसने आरोप लगाया कि बिहारीपुर गांव में अपने मामा के घर पर रह रहा हांसाका निवासी तरुण उसके मकान पर आया था। उसी ने उसकी बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सीआईए कोसली ने आरोपी तरुण को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई। पूछताछ करने पर तरुण ने बताया कि वह इससे पहले भी दो बाइक चोरी कर चुका है। उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस ने दोनों अन्य बाइकों को भी बरामद कर लिया।

# पुलिस ने रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। लोगों के पहचान पत्रों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को कसोला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्ला देशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र और वाहनों के कागजातों की जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिले की सुरक्षा के लिए बाहरी लोगों की पहचान होना अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### घर में घुसकर हमला करने में 6 लोग फंसे

**धारूहेड़ा।** निखरी गांव में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। एक घायल को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस बयान में निखरी निवासी दीपक ने पुलिस बयान में बताया कि गांव के ही निक्कू व उसके परिवार के पांच अन्य सदस्य 11 अप्रैल को उसके मकान में घुस गए। उसने आरोप लगाया इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके माता-पिता बचाव के लिए आए, तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया।

# 101 वाहनों के काटे चालान, तीन इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। अभियान के दौरान वाहनों की जांच करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की ओर से जिलेभर में सीलिंग प्लान के तहत एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, कानून व्यवस्था बनाए रखना और यातायात नियमों की पालन सुनिश्चित करना था। इस दौरान 101 वाहनों के चालान काटे गए और 3 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेडिंग करके वाहनों की जांच की। दोपहिया व चार पहिया वाहनों के कागजातों में ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा की जांच की गई। साथ ही वाहनों की तलाशी भी ली गई। अभियान के दौरान पुलिस ने ब्लैक फिल्म एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों पर भी शिकंजा कसा। पुलिस ने 5 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 2 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 18 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 38 विदाउट नंबर प्लेट और 1 बुलेट बाइक में पटाखा बजाने सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 104 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने व बिना वैध कागजात के वाहन चलाने वाले चालक शामिल थे।

# जिस्म फिरोशी का आरोपी स्पा सेंटर मैनेजर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सेक्टर-5 के एक स्पा सेंटर में जिस्म फिरोशी के धंधे का पर्दाफाश करने के बाद गिरफ्तार मैनेजर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस स्पा सेंटर संचालक सहित दूसरे आरोपियों की तलाश कर रही है।

13 अप्रैल को पुलिस को सेक्टर-5 मार्किट रेवाड़ी स्थित ए न्यू टाइम स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में गठित टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए कार्रवाई की। पुलिस ने वहा से 3 युवतियों को मुक्त कराने के बाद स्पा सेंटर के मालिक, मैनेजर व सहायक मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपी सहायक मैनेजर अंडमान निकोबार के गांव बियस्सपल्ली निवासी रुपन मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अधिकतम तापमान 6.0 डिग्री से बढ़कर 40.0 पर पहुंच गया

# गर्मी सितम ढहाने को तैयार सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

**तापमान में गिरावट आने के आसार नहीं, अप्रैल के अंत तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पहुंचने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मंगलवार दोपहर बाद छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

अप्रैल के पहले पखवाड़े में बदले हुए मौसम के कारण कूल-कूल अहसास का लुत्फ उठा चुके लोगों को अब भारी गर्मी का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। बारिश का सिलसिला रुकने के बाद रात का तापमान अभी भी सामान्य से कम बना हुआ है, लेकिन दिन के समय गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। पारा पहली बार 40.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जिससे मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन बना रहा। शाम के समय आंशिक बादल छाने के बाद मौसम में बदलाव दर्ज किया गया। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप खिलने के कारण दोपहर तक मौसम काफी गर्म हो गया। अधिकतम तापमान 6.0 डिग्री बढ़कर 40.0 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष की तुलना में यह 2.0 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से लगभग 4 डिग्री सेल्सियस कम है। गत वर्ष 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री और न्यूनतम 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी का स्तर भी कम होकर 22 प्रतिशत तक पर आ गया है। हवाओं की रफ्तार अभी भी ज्यादा बनी हुई है। मंगलवार को 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। दोपहर तक भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने के बाद पंखे और एसी चलने शुरू हो गए। सुबह के समय मौसम अभी तक ठंडा बना रहता है, लेकिन शाम तक मौसम गर्म बना रहना शुरू हो गया है। शाम के समय आसमान में एक बार फिर से आंशिक बादल छाए गए। इससे रात का तापमान बढ़ने की संभावना बन गई।

### कल से मौसम में बदलाव संभावित

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते 16 अप्रैल से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान बारिश की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। तापमान में भी जल्द ज्यादा गिरावट आने के आसार नहीं हैं। अप्रैल के अंत तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने



अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पाट्र्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस, तथ्यों के आधार पर की जाएगी आगे की कार्रवाई

# नाली निर्माण को लेकर बढ़े विवाद में दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव बलाहा कलां में नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में पंचायत समिति नारनौल के चेयरमैन पंकज यादव समेत कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार विवाद की शुरुआत गांव में बनाई जा रही नाली से हुई। एक पक्ष का आरोप है कि नाली उनके प्लॉट के अंदर से निकाली जा रही थी, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान नाली तोड़ने को लेकर कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस बारे में बलाहा कलां निवासी घायल सतीश ने आरोप लगाते हुए बताया कि विवाद के दौरान प्रदीप नामक व्यक्ति ने उस पर चाकू से हमला किया, जिससे उसकी छाती पर गंभीर चोटें आईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत समिति के चेयरमैन पंकज यादव भी मौके पर पहुंचे। तब उनके हाथ में लोहे का सरिया था, जिससे उन्होंने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी, जिसके चलते उन्होंने घर के अंदर बंद होकर अपनी जान बचाई। बाद में पुलिस के आने पर ही उन्होंने दरवाजा खुलवाया। सतीश ने बताया कि उन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी, जिसके बाद एम्बुलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।


नारनौल। अस्पताल में उपचाराधीन घायल सतीश। फोटो: हरिभूमि

वहीं दूसरे पक्ष के प्रदीप कुमार ने उक्त आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि जब वह स्कूल से घर लौटे तो उन्होंने देखा कि नई बनी नाली को तोड़ दिया गया है। पूछने पर सामने वाले पक्ष सतीश ने बदसलूकी की और उन पर हमला कर दिया। प्रदीप ने बताया कि उन्हें धक्का देकर तारबंदी में गिरा दिया गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। उन्होंने बताया कि मौके पर किसी के पास चाकू या अन्य हथियार नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने उन पर डीजल जैसा तरल पदार्थ फेंका और लकड़ी के डंडे से हमला किया।

#### यह बोले पंचायत समिति के चेयरमैन



पंचायत समिति के चेयरमैन पंकज यादव ने बताया कि गांव में विकास कार्य के तहत नाली का निर्माण चल रहा था। शाम को सतीश नाम के युवक ने नाली तोड़ दी, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि मजदूरों के फोन पर वह मौके पर पहुंचे, जहां पहले से झगड़ा चल रहा था। उनके अनुसार, सतीश और उसके परिजनों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिसमें उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। चेयरमैन ने तेजधार हथियार से हमले के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चोटें तारबंदी में गिरने से लगी होंगी और मौके पर कोई हथियार इस्तेमाल नहीं हुआ।

#### यह बोली पुलिस

सदर थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम अस्पताल पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाल महोत्सव के मंच पर प्रतिभाओं का प्रदर्शन, दूसरे दिन 720 ने दिखाया हुनर


रेवाड़ी। बाल महोत्सव की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।


रेवाड़ी। बाल महोत्सव की प्रतियोगिता में कलश सजाती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में चल रहे राज्य स्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे दिन क्ले-मॉडलिंग प्रथम व द्वितीय वर्ग, कार्ड मेकिंग प्रथम वर्ग, दीया-कैंडल मेकिंग द्वितीय वर्ग, हैंड राइटिंग हिंदी व इंग्लिश प्रथम व द्वितीय वर्ग, थाली पूजन व कलश डेकोरेशन तृतीय व चतुर्थ वर्ग, एकल गायन द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग तथा प्रथम वर्ग की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सुरेश कुमार ने शिरकत की।

जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सभी ने भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि जीत-हार जीवन का हिस्सा है, जिसको कोई बी बच्चा दिल पर न लें। मंच की प्रस्तुति को भविष्य में अपनी कला के सुधार के अवसर के तौर पर माने व इसके उच्च प्रतिमान स्थापित करते हुए खूब मेहनत करें। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद की कार्यशैली और बच्चों की सुविधाओं की प्रशंसा की तथा प्रत्येक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद का मंच पूर्णतः बच्चों को समर्पित है और सभी बच्चों को अपनी प्रतिभा को खुलकर प्रदर्शित करना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन 8वीं कक्षा की छात्राओं ने किया।

## सुनीता बनी अग्रवाल वैश्य समाज की महिला जिलाध्यक्ष, स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





अग्रवाल वैश्य समाज की महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ और प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने रेवाड़ी जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल की अनुशंसा से सुनीता अग्रवाल को महिला जिलाध्यक्ष, यशोदा बंसल को जिला महासचिव और गरिमा मित्तल को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने महिला प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष बुवानीवाला, कार्यकारी महिला प्रदेशाध्यक्ष वेणु अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री पायल गोयल, प्रदेश संगठन मंत्री संतोष जैन व जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल का धन्यवाद किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे संगठन से ज्यादा से ज्यादा वैश्य समाज के लोगों को जोड़ेंगे। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, जिला महासचिव तेजपाल गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रवीण बंसल, केसरी नंदन अग्रवाल, मनीष गोयल, मनोज कुमार मित्तल, एडवोकेट नीतेश अग्रवाल, राम किशन अग्रवाल, मनोज गोयल, दीपिका अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, प्रियंका मित्तल,अंजू अग्रवाल,ज्योति गोयल, शशि बंसल, मंजू अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल व रजनी जैन सहित अग्रवाल वैश्य समाज की पूरी टीम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है।

### अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 18 को

रेवाड़ी। हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 18 अप्रैल को किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव रजेश दत्त शर्मा व सहसचिव एडवोकेट संदीप राव ने बताया की रेवाड़ी क्रिकेट टीम के अंडर-16 अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर ग्रुप पटौदी के लिए खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण गढ़ी बोलनी रोड़ पर स्थित स्कॉई वैली क्रिकेट अकेडमी में प्रातः 8 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि अंडर-16 में वहीं खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं, जिनका जन्म सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 तक है, वही अंडर-19 में खिलाड़ी का जन्म सितंबर 2007 तक और अंडर-23 में खिलाड़ी हिस्सा का जन्म सितंबर 2003 तक होना चाहिए।

## बाबा साहेब ने दलितों व वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

### राव सुल्तान सिंह स्कूल में मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बेहड़ा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा एवं उपप्राचार्य रामकुमार सहित समस्त स्टाफ ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई के घर महू में हुआ था। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और छुआछूत के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया तथा दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक भी थे।


महेंद्रगढ़। आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ऑटो में महिला ने उड़ाए जेब से दस हजार

रेवाड़ी। ऑटो रिक्शा में सरकुलर रोड पर जा रहे एक व्यक्ति की जेब से पास में बैठी महिला ने 10 हजार रुपये निकाल लिए। पता चलते ही ऑटो चालक की मदद से महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला से पूछताछ शुरू कर दी। महेंद्रगढ़ के भड़फ निवासी नरेश कुमार किसी काम से शहर आया था। वह ऑटो में बैठकर धारूहेड़ा चुंगी की ओर से बस स्टैंड जा रहा था। सिविल अस्पताल के पास एक महिला भी ऑटो में सवार हो गई। उसने ऑटो में बैठते ही अपना बैग नरेश की गोद में रख दिया। इसी दौरान नरेश की जेब से 10 हजार रुपये गायब हो गए। वह ऑटो चालक की मदद से महिला को सीधे बस स्टैंड चौकी ले गया। वहां महिला के पास से चोरी की हुई नकदी बरामद हो गई।
पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### संगठित और शिक्षित बनेगा समाजः हेमंत

निजामपुर। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं, बल्कि संस्था थे। जिनकी विचारधारा से समाज को संगठित व शिक्षित होने की प्रेरणा मिली है। उक्त विचार बिगोपुर की सरपंच पूजा यादव के प्रतिनिधि हेमंत यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाजसेवी विवेक यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोहताश, शिवकुमार पटवारी, जगनलाल, कन्हैयालाल, छाजूराम, राजेश मास्टर, डॉ. हंसराज, जिलेसिंह, डॉ. लालचंद, नवल शर्मा, मंजू शर्मा, बुधराम, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### जीनियस एकेडमी ने मनाई बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती

महेंद्रगढ़। जीनियस एकेडमी में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव व सभी स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। डायरेक्टर अमित यादव ने बाबा साहेब के जीवन परिचय से सभी को अवगत करवाया तथा सभी विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को समाज की मुख्यधारा में एवं न्याय पूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित एवं सशक्त किया और हमें न्याय व समानता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधनेका काम किया। उनकी पहचान एक न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में होती है।



## बीएससी लाइफ साइंस में सूरज का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


कोमल


प्रियंका

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीएससी लाइफ साइंस प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में शानदार रहा।

संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि दो छात्रा प्रियंका पुत्री पंकज शर्मा,डेरोली अहीर ने पांचवां तथा कोमल पुत्री जितेंद्र सिंह भोजावास ने दसवां स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं कॉलेज का नाम रोशन किया। पिछले दिनों इसी विषय के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम भी घोषित हुआ, जिसमें में विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में 4 विद्यार्थियों ने स्थान बनाने के साथ छात्रा पायल पुत्री अनिल कुमार आदलपुर ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, ईशा तंवर पुत्री सतीश महेंद्रगढ़ ने तीसरा, नेहा पुत्री अनिल कुमार, ढाणी शोभा ने पांचवां एवं निधि पुत्री मनोज माजरा कलां सातवां स्थान हासिल किया।

## बीआर आदर्श में हुआ शिक्षकों का प्रशिक्षण

**सेहलंग तथा बिरही कलां के समस्त शिक्षकों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर आदर्श विद्यालय सेहलंग में शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक सीबीएसई आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की दोनों ब्रांच सेहलंग तथा बिरही कलां के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यशाला शिक्षकों के कौशल विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता एवं प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में चेयरमैन हरिश भारद्वाज मुख्यातिथि, रिसोर्स पर्सन एवं ट्रेनर सुकन्या पी शर्मा विशिष्ट अतिथि, प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज अध्यक्षता तथा विद्यालय के वाईस चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे। रिसोर्स पर्सन सुकन्या पी शर्मा ने शिक्षकों को यह समझाया कि किस प्रकार गतिविधि आधारित शिक्षण को अपनाकर विद्यार्थियों को अधिक रुचिकर एवं प्रभावी ढंग से पढ़ाया जा सकता है।


महेंद्रगढ़। कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## आंबेडकर जयंती पर रैली निकाल कर बताए अधिकार


रेवाड़ी। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मेरा युवा भारत एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने शिरकत की। इस मौके पर सुमित यादव ने कहा कि डा.भीम राव आंबेडकर का भारतीय संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने देश को सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आईटीआई से युवा समन्वय अधिकारी विनोद यादव, सुपरिटेंडेंट कुमेर सिंह, वर्ग अनुदेशक पवन यादव, हनुमान सिंह, प्रदीप यादव व वनिता यादव सहित सभी अनुदेशकों और जिले की विभिन्न आईटीआई से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंच संचालन प्रदीप यादव ने किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की ओर से भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं विचारों पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इसके उपरांत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** कार्यक्रम में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## डा. भीमराव किसी विशेष जाति, समाज या धर्म के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के नायक

- शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से विभागाध्यक्षा डा. श्रुति के मार्गदर्शन में डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। मंच संचालन योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. अमनदीप ने किया। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव किसी विशेष जाति, समाज या धर्म के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के नायक थे। एमए योग की छात्रा रेमा यादव ने उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला, वहीं छात्रा आरती ने रागनी के माध्यम से सभी को प्रेरित किया।


रेवाड़ी। आईजीयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

योग प्रशिक्षक अमित कुमार ने कहा कि सामाजिक एवं आर्थिक समानता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। इस मौके पर डा. अंबेडकर के बचपन से लेकर संविधान निर्माण तक के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई तथा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरीका भी आयोजन किया गया।

शोधार्थी कौशल्या ने डा. अंबेडकर का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. सतीश एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. बलजीत उपस्थित थे।

योग विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रवीण कुमार ने बाबा साहेब के प्रसिद्ध वचन शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पीएगा वह दहाड़ेगा का उल्लेख करते हुए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का संदेश दोहराया। शोधार्थी देवेन्द्र, धर्मेन्द्र और विकास कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डा. धर्मबीर यादव ने कहा कि समानता के बिना न्याय असंभव है।

कार्यक्रम के संयोजक डा. जयपाल सिंह राजपूत ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव के विचार समानता, शिक्षा, सामाजिक न्याय और बंधुत्व पर आधारित थे।

### चारधाम यात्रा की ऑनलाइन बुकिंग में ठगी फर्जी वेबसाइट से लोगों को बनाया शिकार



रेवाड़ी। जिला पुलिस ने चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे होटल, टूर पैकेज, टैक्सी या हेलीकॉप्टर बुकिंग करते समय विशेष सतर्कता बरतें। एसपी ने बताया कि हाल ही में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठग फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज व व्हाट्सऐप नंबर के माध्यम से लोगों को आकर्षक ऑफर दिखाकर अपने जाल में फंसा रहे हैं। ये अपराधी सरकारी व प्रतिष्ठित कंपनियों जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट बनाकर एडवांस पेमेंट करा लेते हैं, लेकिन बुकिंग की कोई पुष्टि नहीं मिलती है। कई बार इन फर्जी लिंक के जरिए लोगों की बैंक व निजी जानकारी भी चुरा ली जाती है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बुकिंग करने से पहले संबंधित वेबसाइट या एजेंसी की विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें। केवल आधिकारिक वेबसाइट और प्रमाणिक प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। किसी भी अनजान लिंक, ई-मेल या कॉल के माध्यम से मांगी गई जानकारी साझा न करें और बिना जांच-पड़ताल के किसी को भी भुगतान न करें। एसपी मीणा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार होता है या उसे कोई संदिग्ध लिंक-कॉल प्राप्त होता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करें।

**सरपंच ग्राम पंचायत बेरली खुर्द**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेरली खुर्द में एक जलकर्मी की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन व दस्तावेज (10वीं, 12वीं, Diplomo, ITI) आदि ग्राम पंचायत बेरली खुर्द के पास जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, पैन कार्ड आदि भी जमा करवाएँ। आवेदन जमा करवाने की तिथि 15.04.2026 से 30.04.2026 तक है।
**नोट - दिनांक 30.04.2026 के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन मान्य नहीं होगा।**
हस्ता/- सरपंच, किशनपाल सिंह, ग्राम पंचायत बेरली खुर्द, जिला रेवाड़ी, Mob No-9416302756

## डा. भीम राव आंबेडकर ने दिया देश को विश्व का सबसे बड़ा संविधान: मंत्री

# भारतीय संविधान से देश के सभी नागरिकों को मिल रहे अधिकार




रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह तथा कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह। फोटो : हरिभूमि

### उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और युवाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भारत रत्न डा. भीम राव आंबेडकर ने देश को विश्व का सबसे बड़ा संविधान दिया है। बाबा साहेब की ओर से दिए गए संविधान में सभी वर्गों और समुदाय को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह मंगलवार को डा. भीम राव आंबेडकर जयंती पर आजाद नगर में माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और युवाओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्श, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की भावना आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। उनके सिद्धांतों और मूल्यों को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सरकार प्रभावी रूप से कर रही है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना को केंद्र में रखते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति गरीब, शोषित, वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के समग्र उत्थान के लिए सरकार की ओर से योजनाएं लागू कर लाभान्वित करने के निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को केवल उनकी जयंती के दिन याद करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और वास्तविक नमन होगा। इस अवसर पर मंत्री राव नरबीर सिंह ने आंबेडकर भवन का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने भी डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

**राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का संघर्ष**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि डा. भीमराव ने आजादी से पहले जो संघर्ष शुरू किया था, वह केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का एक व्यापक आंदोलन था। उन्होंने शिक्षा और कलम की शक्ति को सबसे बड़ा हथियार बताया, क्योंकि उनका मानना था कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सशक्त बन सकता है। आज उसी सोच का परिणाम है कि भारतीय संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और न्याय मिल रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पार्षद धर्मेन्द्र खटाना, पार्षद रोहन यादव, डा. कामराज संधु, डा. राजकुमारी राजश्री, संस्था के प्रधान बुधराम पंवार, एसएन तंवर, फूल सिंह व निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रधान सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि अशोक गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## डा. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

ऐतिहासिक नंद सरोवर पर मंगलवार को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव को सादगी और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों एवं सामाजिक संस्था एक कदम मानवता की के संयुक्त तत्वावधान में समता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी अशोक गर्ग उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व उद्योगपति एमपी गोयल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्रा अंजना ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। सफाई कर्मचारी मदनपाल ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक गर्ग ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के संघर्षों के कारण ही आज देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, समानता और अधिकारों की प्राप्ति संभव हो सकी है। एमपी गोयल ने कहा कि हम सभी को ईश्वर ने समान बनाया है और हम सभी एक ही ईश्वर की संतान हैं। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारे और परस्पर सम्मान की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। संस्था के प्रधान राकेश भार्गव ने सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। मंच संचालन अहीरवाल हेरिटेज संस्था की प्रधान और स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर प्रियंका यादव ने किया।

**बाबा साहेब ने नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया : सरपंच संजू देवी**

मीरपुर की सरपंच संजू देवी ने कहा कि बाबा साहेब ने नारी शशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया। स्वच्छता कर्मी मीनू, अजीत, शिवा, व गीता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आईजीयू के सहायक प्रोफेसर सुशांत यादव अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मंगेश कुमार, मुकेश सुल्तानिया, चंदर सोनी, प्रिया व सविता देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### डा. आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिकः भूपेन्द्र मेघवाल



रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति की ओर से मंगलवार को भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समिति के गुरुग्राम जिला प्रधान भूपसिंह मेघवाल ने कहा कि समिति डा. अंबेडकर के पदचिंहों पर चलते हुए प्रदेश में गांव-गांव जाकर संविधान जागरूकता अभियान चला रही है। यह अभियान समाज के हर वर्ग को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों से अवगत कराने का प्रयास है। भूपसिंह मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि हर नागरिक को शिक्षा, समानता और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और संविधान जागरूकता के माध्यम से हम एक मजबूत, शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### डा. भीमराव आंबेडकर सेवा समिति ने गुड़यानी में निकाली शोभायात्रा



कोसली। डा. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति गुड़ियानी के तत्वावधान में बाबा साहेब की 135वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर दलितों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भारत के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार सुनिश्चित किया। इस अवसर पर विजय गुड़ियानी,चांदराम भैरमपुर, अमीचंद मास्टर मुंदड़ा, रणधीर पूर्व सरपंच जखाला, बलवान, सुजान, मुकेश अहलावत, ब्लॉक समिति सदस्य मित्रसेन व अशोक अहमदपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बाबा साहेब का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोतः मेनका सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जनशक्ति जागृति मंच ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संगठन के सदस्यों ने अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर बाबा साहेब को नमन किया और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने डा. अंबेडकर के जीवन प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान जागरूकता के माध्यम से हम एक मजबूत, शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता स्थापित की जा सकती है। इस मौके पर मंजू शर्मा, कुलदीप सोनी, सुनीता सेन, दीपक कुमार, एडवोकेट आरती शर्मा, एडवोकेट रविंद्र मेहरा, एडवोकेट जगत सिंह, श्याम सिंह व हरकेश कुमार सहित संगठन के अनेक सदस्य मौजूद थे।

### हिंदू संगठनों ने डा. अंबेडकर जयंती पर निकाली शोभा यात्रा



रेवाड़ी। मंगलवार को डा. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती के अवसर पर शहर के सर्व समाज व हिंदू संगठनों की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा नेताजी सुभाष चन्द्र पार्क से शुरू होकर बस अड्डे के सामने से होती हुई अंबेडकर चौक पर सम्पन्न हुई। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। बजरंग दल के सदस्यों ने शोभा यात्रा में सहयोग दिया। इस मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद् की कार्यकारणी सभी के कार्यकर्ता, जिला मंत्री प्रमेश कुमार, प्रांत सामाजिक समरसता के रामप्रसाद करनावास, जिला सामाजिक समरसता के पवन भारद्वाज, बजरंग दल के जिला सह संयोजक शिव कुमार, रवि सैनी, अंकित राठौड़, भानु सोनी, दीपक शर्मा, आशीष सोनी, रजत शर्मा, कुलदीप, मोनू व अंकित यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कला महोत्सव में छाए रेवाड़ी के कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



उदयपुर राजस्थान में दा पॉवर ऑफ आर्ट की ओर से राष्ट्रीय कला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से 200 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सूत्रधार रेवाड़ी जिले के गांव खलियावास निवासी भूपेन्द्र कनोजिया थे। भूपेन्द्र कनोजिया राजकीय माध्यमिक विद्यालय डूंगरवास में ड्राइंग टीचर के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 अप्रैल को आयोजित कला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायकों की ओर से उत्कृष्ट कृतियों का चयन किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। 12 अप्रैल को सिटी पैलेस उदयपुर में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां प्रतिभागी कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। सभी ने कलाकारों की कला की सराहना की।

## कन्या के जन्म पर किया कुआं पूजन

- समाज को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मूंदी



गांव बुड़ौली निवासी विजय शर्मा और सरोज देवी के घर पोती के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और कन्या के उज्जवल भविष्य की कामना की। कन्या का नाम मोहिका वत्स रखा गया है। कन्या के पिता सोमेश वत्स व मां अनुष्का वत्स ने कहा कि समाज को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए। आज के डिजिटल युग में बेटियां भी अनेक क्षेत्रों में नाम कमा रही है। समाज को बेटियों को भी बेटों की तरह समान अधिकार देने चाहिए ताकि वे परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। समारोह में मौजूद ब्रह्मानंद शर्मा, मास्टर देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, उदयवीर, राजवीर, देवेंद्र, मंजीत धनखड़ डीपीई व युद्धवीर बोहरा सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने कन्या को आशीर्वाद दिया।

## न्यूज डायरी

### डा. बीआर आंबेडकर ने हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का काम किया: मसानी



रेवाड़ी। भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ नेता महाबीर मसानी के नेतृत्व में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने डा. अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता और न्याय के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर महाबीर ने कहा कि डा. अंबेडकर ने देश को संविधान देकर हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना बेहद जरूरी है, ताकि समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त किया जा सकें। उन्होंने डा. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे।



### ग्रामवासियों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

रेवाड़ी। गांव छुरियावास में डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन बीजेपी बिठवाना मंडल अध्यक्ष बलराज यादव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें शक्ति केंद्र प्रमुख कैलाश चंद्र जांगिड़ भी मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं ग्रामवासियों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष बलराज यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को जो संविधान दिया, वह हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा करता है।



### बनीपुर में धूमधाम से बनाई डा. आंबेडकर जयंती, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बावल। मंगलवार को अंबेडकर लाइब्रेरी एवं सेवा समिति बनीपुर की ओर से डा. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड कमांडों अमरदीप ढिल्लों मौजूद थे। समिति सदस्यों ने डा. अंबेडकर और ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित का श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लेखराम, सचिन व मनोज कुमार ने भीमराव अंबेडकर और फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला। बच्चों ने कविता व रागनी की प्रस्तुति दी।

### संस्था सदस्यों ने संविधान निर्माता को किया नमन



रेवाड़ी। मंगलवार को दी हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक परिषद की ओर से अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर संस्था के प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम शर्मा ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने अपना सारा जीवन दबे-कुचले, गरीब, जरूरतमंद, पिछडे व निम्न वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने में लगा दिया। उनका मानना था कि देश में सभी व्यक्तियों को आगे बढ़ने के लिए तथा विकास के क्षेत्र में समान अवसर मिलने चाहिए। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ जिलाध्यक्ष, रणजीत सिंह बागोरिया, किशनलाल खिच्ची, भगवान दास चौहान, लीलाराम सोनी, महेन्द्र कालड़ा, बिजेन्द्र सैनी, लच्छीराम, देवेन्द्र गोयल, प्रदीप मिस्त्री, ललित अग्रवाल, डा. विपिन शर्मा व कैलाश सोनी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**जागरूक** नशे के खिलाफ मुहिम में अग्रणी भूमिका निभाएं महिलाएं : कविता

# सुरक्षा के लिए फोन में दुर्गा शक्ति और डायल-112 एप इंस्टॉल करें

- कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। नेहरू पार्क में महिलाओं को जागरूक करती दुर्गा शक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

पुलिस की दुर्गा शक्ति विंग ने मंगलवार को नेहरू पार्क में महिलाओं को आत्मारक्षा के साथ सशक्त बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं को डायल 112 की ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, महिला-बच्चों विरुद्ध अपराध व साइबर अपराधों की पहचान, अपराधों से बचाव तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई कविता ने कहा कि आज महिलाओं को अपने उपर हो रहे अत्याचार व शोषण को रोकने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है। अभिभावकों को छात्राओं को नियमित रूप से आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे मुश्किल परिस्थिति में भी मुसीबत का डट कर सामना कर सकें।

एएसआई ने कहा कि महिलाएं पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाए ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन ऐसी सूचना पर जल्द और कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने महिलाओं से दुर्गा शक्ति व डायल-112 एप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस की ओर से महिला की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने साइबर अपराधों से भी महिलाओं को अवगत कराया।

**जानकारी सांझा न करें**

पुलिस टीम ने कहा कि सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपनी जानकारी किसी के अनजान व्यक्ति के साथ सांझा न करें तथा अपने अकाउंट को प्राइवेट रखें, जिससे कि आप विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से बच सकते हैं।